तापमान

अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025

9 पुलिस ने रोहिंग्या व बंगलादेशी नागरिकों की पहचान के लिए चलाया सर्च अभियान



10 बाल महोत्सव के दूसरे दिन बच्चों ने नृत्य, फैंसी ड्रेस, भाषण व प्रश्नोत्तरी में दिखाई प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। कोसली थाना पुलिस ने 6 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद फरार हुए चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने वाहन चालक महेंद्रगढ़ निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी कब्जे में लिया गया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार गत 26 अगस्त को नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने बिहार के तेलड़िया निवासी मुकेश को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को बरामद कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### पुलिस से झड़प के आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने गत 6 अक्टूबर को कंवाली की नंबरदार ढाणी में पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कॉल के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के साथ हाथापाई करने के मामले में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नंबरदार की ढाणी निवासी सुरेंद्र और रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जाटूसाना थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति के बयान पर 13 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में मूसेपुर निवासी नवीन और गुरूग्राम के पहाड़ी निवासी अनिल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना के लिए 31 तक होंगे आवेदन

**रेवाड़ी।** दिव्यांग छात्रों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग केंद्र सरकार की ओर से संचालित पोस्ट मैट्रिक, प्री-मैट्रिक व टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजना चलाई जा रही हैं, जिसके तहत दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्रों को पोर्टल स्कॉलरशिपस जीओवीइन पर आवेदन करना होगा, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित कर गई है।

बनीपुर चौक के पास सर्विस रोड की हालत दयनीय, वाहन चालकों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

# ट्रैफिक दबाव के साथ बढ़ने लगी परेशानी, नेशनल हाइवे पर बिगड़ रहे हालात, जाम में फंस रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे देश के प्रमुख राजमार्गों में से एक है। इस हाइवे पर बनीपुर चौक का निर्माणाधीन पुल बदनुमा दाग की तरह साबित हो रहा है। मेन रोड लगभग तीन साल से बंद है। सर्विस रोड टूटकर बदहाल बना हुआ है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएआई की ओर से इस रोड की मरम्मत कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

बनीपुर चौक पर रेवाड़ी-बावल रोड क्रॉसिंग के स्थान पर आए दिन होने वाले हादसों को टालने के लिए एनएचएआई की ओर से करीब 3 साल पहले फ्लाईओवर का निर्माणकार्य शुरू किया गया था। इसके बाद मेन रोड को बंद कर दिया गया था। वाहनों का आवागमन सर्विस रोड से ही शुरू किया गया था। पुल निर्माण करने वाले कंपनी ने बीच में कार्य छोड़ दिया था। इसके बाद एनएचएआई ने दूसरी कंपनी को निर्माण का ठेका दिया, लेकिन इसके कार्य ने रफ्तार नहीं पकड़ी। दिल्ली से जयपुर के बीच आधा दर्जन अन्य स्थानों पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य बनीपुर चौक फ्लाईओवर के बाद शुरू किया गया था। वह सभी बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि इस पुल का निर्माण अधर में लटका हुआ है। सर्विस रोड टूटकर बदहाल हो चुका है। सड़क पर मोटे गड्ढों में अक्सर वाहन फंस जाते हैं, जिससे नेशनल हाइवे पर लंबा जाम लग जाता है।

आए दिन वाहन चालकों को इस चौक पर जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। जाम खुलवाने में काफी समय लग जाता है।

महज दो किलोमीटर की दूरी तय करने में ही वाहन चालकों को दो से तीन घंटे का समय लग जाता है।



रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर लगा जाम। फोटो :हरिभूमि



दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बढ़ा ट्रैफिक का दबाव

- जाम में फंसने के बाद प्रशाधन तक की समस्या उठानी पड़ती है
- एक बार जाम में फंसने वाले लोग इस मार्ग से दोबारा निकलने से तौबा कर लेते हैं
- ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है

### समीक्षा बैठक में उठ चुका मामला

*केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में गत दिनों हुई दिशा की बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों को भी विशेष रूप से बुलाया गया था। उन्हें फ्लाईओवर का निर्माण जल्द कराने और सर्विस रोड रिपेयर कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अभी तक न तो पुल निर्माण के कार्य ने रफ्तार पकड़ी है और न ही सर्विस रोड की दशा को सुधारा गया है। जयपुर जोन के अंतिम छोर पर होने के कारण अधिकारी इस चौक की बदहाली से पूरी तरह बेखबर बने हुए हैं।*

### बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक परेशान

इस राजमार्ग से महाराष्ट्र और गुजरात से लेकर देश की राजधानी के बीच रोजाना लाखों वाहनों का आवागमन होता है। रोड इतना व्यस्त होता है कि किसी वाहन के खराब होने पर भी तुरंत कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। जाम में फंसे वाहनों में सफर करने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्हें पीने का पानी तक नसीब नहीं होता। जाम में फंसने के बाद प्रशाधन तक की समस्या उठानी पड़ती है। एक बार जाम में फंसने वाले लोग इस मार्ग से दोबारा निकलने से तौबा कर लेते हैं।



रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर हाइवे पर बनीपुर के सर्विस रोड पर उड़ती धूल।

### दीवाली पर बढ़ेगी ज्यादा समस्या

दीवाली पर्व पर नेशनल हाइवे पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाता है। वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण वैसे ही यह राजमार्ग काफी बिजी रहात है। बनीपुर चौक पर दीवाली के आसपास वाहनों की संख्या बढ़ने से हालात बद से बदतर हो सकते हैं। इस चौक पर वाहन फंसने के बाद जाम राजस्थान बॉर्डर तक पहुंच जाता है, जिससे हजारों वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। महज दो किलोमीटर की दूरी तय करने में ही वाहन चालकों को दो से तीन घंटे का समय लग जाता है।



रेवाड़ी। खस्ताहाल बनीपुर सर्विस रोड से गुजरते वाहन।

### ट्रैफिक कराया जाएगा डायवर्ट



बनीपुर चौक पर जाम की समस्या काफी गंभीर है। दीवाली पर वाहनों का दबाव बढ़ने की पूरी संभावना है। ऐसे में जाम की आशंका को देखते हुए वाहनों को शाहजहांपुर से वाया भाड़ावास रोड रेवाड़ी के लिए डायवर्ट कराया जाएगा, ताकि हल्के वाहन बनीपुर चौक पर जाने से बच सकें।

-पवन कुमार, डीएसपी ट्रैफिक।

## चीफ जस्टिस व आईपीएस वाई पूरण मामले को लेकर प्रदर्शन



रेवाड़ी। कोसली में एसडीएम को ज्ञापन देते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

**राष्ट्रपति के नाम एसडीएम कोसली को ज्ञापन सौंपा**

कोसली के सामाजिक संगठनों ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने, एडीजीपी वाई पूरण कुमार के सुसाइड मामले और रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम कोसली को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संगठनों के वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने और एडीजीपी वाई पूरण कुमार के सुसाइड मामले में कार्रवाई न होने से अनुसूचित जाति समाज के लोगों में रोष है। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी सरकार के शासन के दौरान देश में सरेआम कानून व्यवस्था और संविधान का अपमान हो रहा है। सरेआम इस तरह की घटनाएं सरकार के कुशासन की पोल खोल रही है। सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर दोषियों को कठोर सजा देने और मामले की सीबीआई जांच की मांग की। इस अवसर पर अंबेडकर कल्याण सभा, संत कबीर जन अंबेडकर शिक्षा समिति व स्वामी समाज समिति के सदस्य, होशियार सिंह पूनिया, ओमप्रकाश, जवानसिंह, दुगार्दास, विजय पुनिया, जिला पार्षद विनोद लिलोढ़, रामफल कोसलिया, सतीश, यादराम नंबरदार, प्रेमपाल, सूरज पंच जुड्डी, कैलाश चंद्र यादव, मनोज राजोरा, पूर्ण सिंह पंच, महिपाल यादव, जगदीश चंद्र, श्योराज, सुदर्शन, अभय सिंह, जगदीश खन्ना व पवन स्वामी मौजूद थे।

## लालपुर की राजस्व सीमा में चली डीटीपी की जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले की राजस्व सीमा में बिना अनुमति निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ डीटीपी की ओर से लगातार एक्शन लिया जा रहा है। डीटीपी की कार्यवाही के बावजूद प्रॉपर्टी डीलर व कॉलोनाइजर जिले में नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी की टीम ने मंगलवार को गढ़ी बोलनी रोड पर 5 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। डीटीपी ने बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने वाले व प्लॉटिंग के बाद निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। डीटीपी की टीम ने मंगलवार को जेसीबी मशीन व पुलिस बल के साथ गढ़ी बोलनी रोड की राजस्व सीमा में गांव लालपुर पहुंची, जहां टीम ने अवैध रूप से विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। टीम ने करीब 5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में 25 डीपीसी, 10 परिकास्ट चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज किया। डीटीपी की कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ।

पांच एकड़ की अवैध कॉलोनी जमींदोज



रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें: डीटीपी



आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे। यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

-मंदीप सिंह सिहाग, डीटीपी।

### सहादत नगर में विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

**कोसली।** सहादत नगर गांव में एक विवाहिता ने सोमवार को अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना के बाद नाहड़ पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनो को साथ लेकर शव को कोसली अस्पताल पहुंचाया। मृतका के बचीनी गांव निवासी भाई सुनील कुमार ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया कि उनकी बहन सुनीता देवी की शादी 18 वर्ष पूर्व सुनील कुमार निवासी गांव सादतनगर से हुई थी। सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बहन की मृत्यु फांसी लगाने के कारण हो गई है। वह गांव के व्यक्तियों के साथ बहन सुनीता की सुसराल पहुंचे तो उसकी की लाश फर्श पर रखी हुई थी। विवाहित की चचेरी बहन अनिता ने बताया कि सुनीता ने कमरे मे फांसी लगा ली है। मृतक के भाई ने पुलिस से अपनी बहन के मोबाइल की काल डिटेल निकलवाकर मृत्यु के कारणों का पता लगाने की मांग की है। पुलिस ने फिलहाल सामान्य कार्रवाई करके मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

*शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया*

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक के चालक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डहीना

मंगलवार सुबह सीहा पेट्रोल पंप के निकट दो बाइकों के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। डहीना पुलिस चौकी ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घायल को एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दिदौली निवासी लगभग 50 बिरेंद्र उर्फ बिल्लू किसी काम से घर से बाइक लेकर निकला था। सीहा पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बिरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे बाइक चालक को भी काफी चोटें आईं। आसपास के लोगों ने एक प्राइवेट वाहन से बिरेंद्र को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। लोगों ने दूसरे घायल को भी अस्पताल पहुंचाया। डहीना पुलिस चौकी ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। दूसरे बाइक चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।



रेवाड़ी। हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़।

मौसम अनुकूल होने के बाद किसान खेतों में सरसों की बिजाई कर रहे

# रात का पारा सामान्य से सात डिग्री कम, दिन का मिजाज गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते सप्ताह बारिश का दौर खत्म होने के बाद दिन के समय गर्मी का असर एक बार फिर शुरू हो गया है, परंतु रात का पारा सामान्य से 7.0 डिग्री सेल्सियस कम होने के कारण ठंड शुरू हो गई है। दिन और रात के तापमान में लगभग 20.0 डिग्री सेल्सियस का अंतर हो गया है। ऐसे में मौसमजनित रोगों की आशंका भी बढ़ गई है। मौसम अनुकूल होने के बाद किसान खेतों में सरसों की बिजाई कर रहे हैं। पांच दिनों से आसमान पूरी तरह से साफ बना हुआ है। इससे दिन के समय तेज धूप निकलती है। दोपहर तक गर्मी का प्रभाव बढ़ जाता है, जिससे लोगों को कूलर तक चलाने पड़ते हैं। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। रात का तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस गिरकर 12.5 डिग्री पर आ गया। गत वर्ष 14 अक्टूबर को रात का तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी का स्तर 40 प्रतिशत तक रहा, हवाओं की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही। रात के तापमान में तीन दिनों से गिरावट दर्ज की जा रही है। रात को मौसम ठंडा बना रहता है। कूलरों का इस्तेमाल काफी कम हो गया है। कुछ इलाकों में ठंड के कारण लोग रात को पंखे तक नहीं चला रहे। दिन के समय गर्मी के चलते कूलर और पंखे दोनों चलने लगे हैं। सुबह और शाम के समय मौसम ठंडा बना रहता है। दोपहर के समय ही गर्मी का असर रहता है। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिनों तक आसमान साफ रहेगा। बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है।

**पांच दिनों से आसमान पूरी तरह से साफ बना**



रेवाड़ी। सरसों की बिजाई के लिए तैयार किया गया एक खेत। फोटो :हरिभूमि

### मौसमजनित रोगों की आशंका बढ़ी

*दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री तक का अंतर आने से मौसमजनित रोगों की आशंका भी बढ़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार ऐसे मौसम में सर्दी, जुकाम, बुखार व खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। लोगों को सावधानी बरतना जरूरी है। लक्षण दिखाई देते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच के बाद इलाज शुरू कराना चाहिए। अनावश्यक दवाएं लेने से बचना चाहिए।*

### ठंड के साथ बढ़ने लगा एक्यूआई

*मौसम का मिजाज ठंडा होने के साथ ही एक्यूआई भी बढ़ना शुरू हो गया है। ठंडे मौसम में धूल और मिट्टी के कण वातावरण की ऊपरी स्तह तक नहीं पहुंच पाते। यह जमीन के आसपास ही मंडराते हैं, जिससे एक्यूआई बढ़ जाता है। मंगलवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 165 दर्ज किया गया, जिसके अभी और बढ़ने की आशंका है। अगर एक्यूआई तेजी से बढ़ता है, तो ग्रैप की पाबंदियां भी शुरू हो जाएंगी।*

## त्योहारों में बढ़ाये चार जोड़ी रेलसेवाओं में डिब्बे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

**अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए मिलेगी सुविधा**

रेलवे की ओर से आगामी त्योहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 4 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 12458/12457 बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 15 से 31 अक्टूबर तक एवं दिल्ली सराय से 17 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 2 थर्ड एसी व 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 22421/22422 दिल्ली सराय-जोधपुर-दिल्ली सराय ट्रेन में दिल्ली सराय से 16 अक्टूबर से 1 नवंबर तक एवं जोधपुर से 17 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 2 थर्ड एसी व 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 22471/22472 लालगढ-दिल्ली सराय-लालगढ रेलसेवा में लालगढ में 15 से 31 तक एवं दिल्ली सराय से 17 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय ट्रेन में दिल्ली सराय से 15 से 31 तक एवं उदयपुर सिटी से 16 अक्टूबर से एक नवंबर तक 1 द्वितीय शयनयान डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।



# दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

**लाइफ Style**



# श्रीलीला

## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।

**हॉलीवुड मसाला**




# एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।




# नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



# अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।'कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



# 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

**टीवी मसाला**



# केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

## जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

# बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल



**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।'काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।

# रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी



**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आईं। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिलम 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात

*नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड'अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।





**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।

**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज़ का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वन: राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रैंचाइज़ की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज़ होगी।

## खबर संक्षेप

### आरोही मॉडल स्कूल में दीया सजाओ स्पर्धा आयोजित

**नारनौल।** आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा में ललित कला विभाग की ओर से मिडल विंग की कक्षा छठी व सातवीं के विद्यार्थियों की दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रोग्राम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य लीलूराम यादव ने की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की हस्त कलाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि इन कलाओं के द्वारा ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है व उनमें काम करने का दक्षता बढ़ जाती है। जिससे वे जीवन के हर क्षेत्र में कामयाब हो सकते हैं और वे अपने परिवार, समाज, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।

### वाई पुरन कुमार के परिवार के साथ न्याय करे सरकार

**नारनौल।** सीनियर आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या मामले में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के सामने सर्व समाज के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया, जिसकी अध्यक्षता सरजीत नम्बरदार ने की। धरने के संयोजक अभिनव चौधरी थे। अध्यक्ष सरजीत ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करे। साथ ही डीजीपी शत्रुजीत कपूर को उसके पद से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों पर अत्यचार बढे.हैं, जो बहुत ही चिन्तनीय हैं। नम्बरदार ने चेताया कि स्वर्गीय वाई पूरन कुमार के परिवार को न्याय में देरी हुई तो देशव्यापी बड़ा आंदोलन होगा।

### बिहाली गांव में रास्ते से अतिक्रमण हटा किया साफ

**मंडी अटेली।** अटेली खंड के गांव बिहाली में युवा संगठन के सहयोग से ग्राम पंचायत बिहाली ने अटेली बहरोड़ रोड से गोशाला को जाने वाले रास्ते से अतिक्रमण हटा कर रास्ते को साफ करवाया गया है। पहले 44 फुट का रास्ता अतिक्रमण व गंदगी के चलते सिकुड़ा हुआ था। जिससे से आमजन को आने जाने व गोशाला में चारे आदि के लिए जाने वाले वाहनों के लिए काफी दुश्वारिया बनी हुई थी। गांव की सरपंच बीना देवी, पूर्व सरपंच सीताराम सरपंच ने बताया कि युवा संगठन के सक्रिय सदस्य अमित कुमार, नितिन कुमार, धर्मबीर, वेदप्रकाश, कैलाश चंद, पंच राजकुमार आदि का सहयोग रहा।

## रंग-रोगन का कार्य भी अंतिम चरण में

# करवा चौथ के बाद बाजारों में फिर लौटी रौनक, महिलाएं दीपावली की सजावट और खरीदारी की तैयारियों में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

दीपावली पर्व का उमंग व उत्साह अब लोगों के अंदर दिखने लगा है। घरों की सफाई आदि का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। रंग-रोगन का कार्य भी लगभग अंतिम चरण में है। बाजार में स्थित दुकानों की सफाई भी पूरी हो गई और दुकानों को सजाने का कार्य भी शुरू हो गया है।

वहीं अब दीपावली पर्व को लेकर बाजार में भी चहल-पहल बढ़ गई है। महिलाओं ने घर के कोनों-कोनों की सफाई में जुटना शुरू कर दिया है, ताकि धनतेरस और दिवाली तक सबकुछ चमक उठे। शहर के विभिन्न इलाके मौहल्ला ढाणी, सैनीपुरा, शंकर कॉलोनी, खोजावा सहित अन्य क्षेत्रों में महिलाएं सुबह से ही घरों की सफाई में लगी नजर आ रही हैं। कोई रसोई की अलमारियां साफ कर रही हैं, तो कोई बैठक और आंगन को नया रूप देने में जुटी है। कई घरों में रंगाई-पुताई का कार्य भी शुरू हो चुका है। महिलाएं कहती हैं कि दिवाली का आनंद तभी आता है जब घर पूरी तरह साफ-सुथरा और सजा हुआ हो।



**महेंद्रगढ़।** दीपावली के लिए सजा बाजार। फोटो : हरिभूमि

### महिलाओं में दिख रहा उत्साह

महिलाओं का कहना है कि करवाचौथ के बाद अब पूरा ध्यान दिवाली की तैयारी पर है। घर की साफ-सफाई से लेकर सजावट तक सब कुछ खुद ही करना उन्हें अच्छा लगता है। कई महिलाएं नए परिधान, मिठाई और उपहार खरीदने की सूची बना रही हैं। वहीं बच्चों में भी दिवाली की उमंग साफ झलक रही है। शहर के मुख्य बाजार शॉपिंग कॉम्पलैक्स, 11 हट्टा बाजार, शंकर मार्केट, सिनेमा रोड, रेलवे रोड, आईटीआई रोड के दुकानदारों ने अपनी दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है। दुकानों पर लाइटिंग लगाई जा रही है और कई जगह तो रंगोली डिजाइन और पुष्प मालाओं से स्वागत द्वार तैयार किए जा रहे।

### धनतेरस पर रहती है भीड़

*व्यापारियों के अनुसार, दिवाली से पहले धनतेरस का दिन सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला होता है। इस दिन सोना-चांदी, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की खरीदारी शुभ मानी जाती है। बाजारों में इस दिन ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ती है। दुकानदारों ने बताया कि लोग पहले से ही अपनी पसंद की चीजें देख रहे हैं ताकि धनतेरस पर खरीदारी के समय कोई परेशानी न हो।*

### शुरू हुई खरीदारी

*करवा चौथ के तुरंत बाद बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है। महिलाएं दीपावली की सजावट और खरीदारी की तैयारियों में जुटी हैं। दुकानों पर दीये, मोमबत्तियां, रंगोली सामग्री, तोरण, बंदनवार और इलेक्ट्रिक लाइटों की बिक्री बढ़ने लगी है। मिठाई और उपहार की दुकानों पर भी ग्राहकों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। व्यापारी बताते हैं कि इस बार बाजार में त्योहारों की उमंग पहले से अधिक देखने को मिल रही है।*

## रेवाड़ी डिपो की नई बस का संचालन होने से समयसारणी में किया बदलाव

# नारनौल से एनएच 152 डी होकर चंडीगढ़ जाने वाली चार बसों का समय बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

परिवहन विभाग की ओर से नारनौल से ग्रीन कॉरिडोर से 152 डी से होकर चंडीगढ़ जाने वाली बसों के समय बदलाव किया गया है। इससे पहले विभाग की ओर से चंडीगढ़ से वाया नेशनल हाईवे 152 डी होते हुए नारनौल आने वाली रोडवेज बसों की समय सारणी में बदलाव किया गया था। बसों के समय में बदलाव रेवाड़ी डिपो की ओर से वाया एनएच 152 डी होते हुए दो नई बसों का संचालन होने के बाद किया गया है। नारनौल से चंडीगढ़ 152-डी ग्रीन कॉरिडोर पर विभिन्न डिपो की ओर से बसों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें नारनौल, चंडीगढ़, अंबाला, दादरी, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर डिपो शामिल हैं। 152 डी ग्रीन कॉरिडोर से बसों का संचालन शुरू होने के बाद जिला कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, जींद, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी व महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों को लाभ मिल रहा हैं। महेंद्रगढ़, दादरी, रोहतक से चंडीगढ़ रोडवेज बस में 410 रुपये किराया लगता है तथा महेंद्रगढ़ से 152 ग्रीन कॉरिडोर से रोडवेज बस में 370 रुपये किराया लगता है। ग्रीन कॉरिडोर 152 डिपो पर बसों का संचालन शुरू होने के बाद यात्रियों के समय में बचत होने के साथ-साथ जेब का भार भी कम हुआ है। पहले जिले के यात्रियों को स्टेट हाईवे 148 बी से चंडीगढ़ जाने में आठ घंटे का समय लगता था। वहीं अब जिले के यात्री चार घंटे में आसानी से चंडीगढ़ पहुंच रहे है।



**नारनौल।** बस स्टैंड परिसर। फोटो : हरिभूमि

### इन गाड़ियों के समय में हुआ है बदलाव

अंबाला डिपो की नारनौल बस स्टैंड से सुबह 6:40 बजे रवाना होने वाली रोडवेज बस अब सुबह 7:00 बजे रवाना होगी। अंबाला डिपो की एसी बस सुबह 5:40 बजे नेशनल हाईवे 152 डी से चंडीगढ़ जाने वाली बस अब सुबह 5:30 बजे रवाना होगी। नारनौल डिपो की बस सुबह 6:10 बजे चलने वाली रोडवेज बस अब नारनौल बस स्टैंड से सुबह छह बजे रवाना होकर सुबह 6:30 बजे महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से रवाना होते हुए बुचावास कट से चंडीगढ़ जाएगी। इसी प्रकार नारनौल बस स्टैंड से सुबह 10:30 बजे चलने वाली सीटीयू बस 152 डी नेशनल हाईवे से सुबह 10:45 बजे चंडीगढ़ जाएगी।

### नारनौल से चंडीगढ़ जाने वाली बसों की समय सारणी

| डिपो | नारनौल से चलने का समय |
|---|---|
| चंडीगढ़ | सुबह 5:00 बजे |
| अंबाला | सुबह 7:00 बजे |
| चंडीगढ़ | शाम 5.30 बजे |

वाया महेंद्रगढ़ होकर चंडीगढ़ जाने वाली बसों की समय सारणी

| डिपो | नारनौल का समय | महेंद्रगढ़ का समय |
|---|---|---|
| नारनौल | सुबह 4:00 बजे | सुबह 4:30 बजे |
| नारनौल | सुबह 6 बजे | सुबह 6:35 बजे |
| नारनौल | सुबह 8 बजे | सुबह 8:30 बजे |
| दादरी | सुबह 9 बजे | सुबह 9:30 बजे |
| नारनौल | सुबह 10:45 बजे | सुबह 10:30 बजे |
| यमुनानगर | सुबह 11 बजे | सुबह 11:30 बजे |
| कुरुक्षेत्र | सुबह 12 बजे | दोपहर 12:30 बजे |
| नारनौल | दोपहर 2:15 बजे | दोपहर 3 बजे |
| नारनौल | शाम 4 बजे | शाम 4:30 बजे |
| दादरी | सायं 6:30 बजे | शाम 7 बजे |

### चंडीगढ़ से नारनौल आने वाली बसों की समय सारणी

- सुबह 5 :10 बजे नारनौल (दादरी डिपो)।
- सुबह 5 :40 बजे नारनौल वाया-महेन्द्रगढ़।
- सुबह 6 :20 बजे नारनौल (दादरी डिपो)।
- सुबह 7 :00 बजे नारनौल वॉल्वो लक्सरी बस।
- सुबह 8 :00 बजे जयपुर वाया नारनौल एसी बस।
- सुबह 8 :40 बजे नारनौल (अम्बाला डिपो)।
- सुबह 9 :20 बजे जयपुर (सीटीयू)।
- सुबह 10 :00 बजे नारनौल (सीटीयू)।
- सुबह 10 :20 बजे भिवानी (सीटीयू)।
- सुबह 10 :40 बजे जींद (जींद डिपो)।
- सुबह 11 :00 बजे नारनौल (दादरी डिपो)
- सुबह 11 :50 बजे नारनौल वाया महेन्द्रगढ़।
- दोपहर 01 :00 बजे नारनौल एसी बस (अम्बाला डिपो)
- दोपहर 01 :30 बजे भिवानी एसी बस (भिवानी डिपो)
- दोपहर 02 :00 बजे नारनौल (दादरी डिपो)
- दोपहर 03 :00 बजे नारनौल वाया- महेन्द्रगढ़।
- शाम 04 :00 बजे नारनौल (चंडीगढ़ डिपो)
- शाम 05 :00 बजे नारनौल एसी बस वाया महेन्द्रगढ़।
- शाम 06 :00 बजे नारनौल वाया महेन्द्रगढ़।


**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थी परिषद् के चुनाव में मतदान करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में होगा विद्यार्थी परिषद् का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थी परिषद् के चुनाव मंगलवार को संपन्न हो गए। इस चुनाव में प्रत्येक विभाग से विभागीय प्रतिनिधि का चयन हुआ, जो विश्वविद्यालय की नई विद्यार्थी परिषद् का गठन करेंगे। यह चुनाव दो श्रेणियों में आयोजित हुए, जिनमें एक वोट के आधार पर और दूसरी विभाग के शिक्षक परिषद् की चयन प्रक्रिया के आधार पर नामांकन के रूप में हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने परिषद् के लिए सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस चुनाव में 34 विभाग के विभागीय प्रतिनिधि चुने गए, जिनमें 20 प्रतिनिधियों का चयन वोट के आधार पर और 20 का चयन शिक्षक परिषद् द्वारा मनोनयन के आधार पर हुआ। विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रेनू यादव ने बताया कि चुनाव के बाद अब जल्द ही इन विद्यार्थी प्रतिनिधियों के आधार पर विश्वविद्यालय की विद्यार्थी परिषद् का गठन होगा जो विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित एवं विभिन्न सांस्कृतिक अथवा अकादमिक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करती है। चुनाव संपन्न करवाने में सभी संकायों के अधिष्ठाता, विभागों के विभागाध्यक्ष, चुनाव समिति के अधिकारियों सहित सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मारूति मुलाका, सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. नीरज कर्ण सिंह, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवेन्द्र सिंह राजपूत एवं डॉ. कल्पना का विशेष सहयोग रहा।

## डीएमसी ने किया वार्ड 16 का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

वार्ड नंबर 16 के पुरानी मंडी एरिया में मंगलवार को नगर परिषद के डीएमसी रणबीर सिंह एवं एमई सोहन लाल ने दौरा किया तथा वहां के कान्हड़ दास तालाब के नाले तथा राव तुलाराम पार्क का निरीक्षण किया। वहां के हालात देखकर डीएमसी ने नाखुशी जाहिर की। इस दौरान वार्ड के नगर पार्षद विशाल सैनी भी मौजूद रहे, जिन्होंने उन्हें वार्ड की सीवर एवं गंदगी की समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वार्ड की मूलभूत समस्याओं को लेकर लोग बार–बार शिकायत करते रहते हैं तथा वह भी कई बार नगर परिषद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अवगत करा चुके हैं। वार्ड में गंदगी व्याप्त है तथा सीवर की गंदगी सड़कों पर बहती रहती है। कान्हड़ दास तालाब प्राचीन तालाब है, लेकिन इसके नाले में गंदगी भरी पड़ी है, जिस साफ करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार राव तुलाराम पार्क में भी गंदगी व्याप्त है। इस पर डीएमसी ने एमई सोहनलाल एवं जेई पवन यादव को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने तथा जनसमस्याओं को दूर करने के दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि वह एक माह बाद फिर यहां आएंगे और यहां की स्थिति को चेक करेंगे।



**नारनौल।** पुरानी मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे डीएमसी रणबीर सिंह।

## कॉलेज में साख्यिकी दिवस पर हुआ सेमिनार



**सतनाली।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के दिशा निर्देशानुसार विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. जरनैल सिंह ने बताया कि सांख्यिकी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, यह जीवन के हर क्षेत्र में जरूरी है। इसके बिना देश को विकास के लिए रिसर्च सम्भव नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. विरेन्द्र सिंह ने सांख्यिकी की विस्तृत व्याख्या की तथा हर क्षेत्र में इसके उपयोग रिसर्च, विज्ञान व वाणिज्य हर क्षेत्र में इसके महत्व पर विस्तार से बताया। प्रो. अनिल कुमार भौतिक विभाग ने विज्ञान में लैब व रिसर्च कार्यों में सांख्यिकी के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रो. प्रदीप ने भी सांख्यिकी के प्रयोग आंकड़े इकट्ठे करना इनका विश्लेषक कथा तथा सोच-समझकर आंकड़े प्रयोग करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया कुलदीप सिंह, प्रिया व आशीष, पारुल व प्रीति आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर डॉ. नीलम, राहुल, डॉ. रेखा, डॉ. श्रीभगवान, डॉ. हरिओम, रितु, डॉ. अजीतसिंह, प्रो. अमित मलिक, डॉ. प्रीति, डॉ. पूजा आदि उपस्थित रहे।

## बाबा जयरामदास मंदिर के आसपास तीर्थ क्षेत्र घोषित करने के लिए सांसद से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव पाली स्थित बाबा जयरामदास मंदिर को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने एवं आसपास के इलाके में योजनाबद्ध तरीके से विकास के लिए सांसद धर्मबीर सिंह से विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने दिल्ली निवास पर मुलाकात की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए संदीप मालड़ा ने बताया कि बाबा जयरामदास धाम आस्था के एक बड़े केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है। हर एकादशी को यहां हजारों भक्त आते हैं। इसके साथ-साथ बाबा के जन्मोत्सव पर भी अब श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

प्रति वर्ष आयोजित होने वाले भव्य मेले में पूरे देश से लाखों लोग पहुंचते हैं। ऐसे में इसको एक सुनियोजित तरीके से विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए आसपास के गांवों की आधा दर्जन पंचायतों ने सांसद धर्मबीर सिंह के नाम सामूहिक मांग पत्र के माध्यम से ये मांग की है कि बाबा के मंदिर से पांच किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र को तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जाए। इसी मांग पत्र को लेकर दिल्ली पहुंच सांसद के निवास पर मुलाकात कर इस बारे मांग पत्र सौंपकर सांसद से इस बारे सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का निवेदन किया। सांसद ने इस पर अपनी सैद्धांतिक सहमति जताते हुए हरियाणा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस बारे जरूरी दिशा-निर्देश जारी करने का निवेदन किया है। सांसद ने ये भी लिखा है कि यहां के इलाके का विकास भी एक सुनियोजित तरीके से किया जाए।


**महेंद्रगढ़।** सांसद को पत्र सौंपते संदीप मालड़ा।

**कार्यक्रम** | सीईओ उदय सिंह की अध्यक्षता में हुआ आवासीय प्लॉट आवंटन का ऑनलाइन ड्रॉ

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0, जिले के 9 गांवों के 306 लाभार्थियों को मिले प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0 के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को जिला महेंद्रगढ़ के पात्र लाभार्थियों को सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से आवासीय प्लॉटों का आवंटन किया गया। ये कार्यक्रम जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर वंचित और जरूरतमंद को घर जैसी मूलभूत सुविधा वरीयता के आधार पर उपलब्ध हो। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार पात्र लाभार्थियों के लिए प्लॉट वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उन ग्रामीण परिवारों को आवास की सुविधा प्रदान की गई है। जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय परिवार पहचान पत्र के अनुसार 1.80 रुपये लाख तक है। इस आवंटन के बाद जिले की पंचायतों में 100 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट लाभार्थियों को दिए जाएंगे। इस प्रक्रिया में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को पंजीकरण और कब्जे के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्लॉटों का भौतिक कब्जा लाभार्थियों को सड़कें, सीवरेज, पेयजल आपूर्ति व बिजली जैसी बुनियादी ढांचा पूरा होने के बाद ही सौंपा जाएगा। लाभार्थी को एमएमजीएवाई-2.0 पोर्टल के माध्यम से 1000 रुपये का एकमुश्त शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके बाद लाभार्थी अपने आवंटन पत्र के साथ बीडीपीओ के समक्ष प्रस्तुत होंगे।


**नारनौल।** ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से ड्रा निकालते सीईओ जिला परिषद उदय सिंह। फोटो : हरिभूमि

### इन्हें मिले प्लॉट

जिला परिषद के सीईओ उदय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-2.0 योजना के तहत जिले के नौ गांवों के पात्र आवेदकों को प्लॉट आवंटित किए गए हैं। ब्लॉक कनीना में गूढ़ा के 30, खेड़ी के 90 व सेहलंग के 39 पात्र लाभार्थियों को प्लॉट मिले। इसी प्रकार ब्लॉक महेंद्रगढ़ में सीसोठ के 25, डेरोली जाट के 11 और दोखेरा के 13 लाभार्थियों को उनका हक मिला। ब्लॉक नांगल चौधरी के कमानिया से 23, नारनौल ब्लॉक के मंडलाना से 12 तथा ब्लॉक सतनाली के सतनाली गांव से 63 लाभार्थियों को प्लॉट आवंटित किए गए हैं।

## देश में अनुसूचित जाति के लोगों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निजामपुर में सर्व समाज अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की ओर से बीडीपीओ के मार्फत अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रपति व हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन दिया। सर्व समाज के वक्ताओं ने षड्यंत्र के तहत आईपीएस वाई पूरन कुमार की संदिग्धवस्था हुई मौत, यूपी में हरिओम वाल्मीकि की भीड़तंत्र द्वारा पीट–पीट कर हत्या व सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश बीआर गवई पर हुए हमले आदि की इंसानियत को शर्मशार कर देने वाली घटनाओं पर रोष प्रकट किया। ज्ञापन में बताया कि हर दिन दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी हुई है।

वक्ताओं ने कहा कि अब उपेक्षित समाज उन पर दिन–प्रतिदिन हो रहे अत्याचार व शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगा। जो भी दोषी है, उन पर कड़ी कार्रवाई करके उनको गिरफ्तार किया जाए।

इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश माण्डैया, एससी जिलाध्यक्ष तोताराम कोहली, महावीर बाबूजी, रामसिंह धाकड़, जगरूप, ज्ञानीराम मास्टर, सतीश पूर्व सरपंच, अशोक गांवड़ी, रणसिंह छिलरो, बबलू प्रधान नयागांव, राजेश नम्बरदार, नहरी पानी संघर्ष समिति के प्रधान महावीर थानेदार, धर्मपाल पूर्व सरपंच, हवासिंह घाटासेर, सरजीत चांपानेर, राहुल, पंकज व अनेक समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।



**नारनौल।** निजामपुर के बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते एससी समाज के लोग।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों के लिए रक्तदान शिविर 17 को

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग पंचकूला की ओर से सफाई कर्मचारियों के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रेवाड़ी जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे रेडक्रॉस सोसायटी में होगा।

### आईटीआई टांकड़ी में रिक्त सीटों पर आवेदन 17 तक

**रेवाड़ी।** राजकीय आईटीआई टांकड़ी में आधा दर्जन ट्रेडों में रिक्त सीटों पर दाखिला लेने के लिए युवाओं के पास सुनहरा अवसर है। इच्छुक छात्र इन सीटों पर दाखिला लेने के लिए 17 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। दाखिला मेरिट सूची के आधार पर ऑन द स्पॉट किया जाएगा। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने बताया कि आईटीआई में कई ट्रेडों में सीटें रिक्त हैं।

### साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन आज से

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से त्योहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए साबरमती-हरिद्वार-साबरमती द्वि-साप्ताहिक एसी स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09425 साबरमती-हरिद्वार द्वि-साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन 15 से 5 नवंबर तक साबरमती से बुधवार व शनिवार को सुबह 8:50 बजे रवाना होगी।

*आज फन गेम्स तृतीय वर्ग, एकल नृत्य द्वितीय वर्ग व चतुर्थ वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का होगा आयोजन*

# बाल महोत्सव के दूसरे दिन बच्चों ने एकल नृत्य फैंसी ड्रेस, भाषण व प्रश्नोत्तरी में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वाधान में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में बाल महोत्सव के दूसरे दिन एकल नृत्य प्रथम वर्ग, फैंसी ड्रेस प्रथम वर्ग, डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट चतुर्थ वर्ग तथा तृतीय वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव, निर्णायक मंडल के सदस्यों और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने आए नन्हे प्रतिभागियों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं में जिले के 60 विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों ने अपने प्रस्तुतिकरण से अद्भुत आत्मविश्वास और प्रतिभा का परिचय दिया। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभा को मंच प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर आए बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। अभिभावकों और अध्यापकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर वीरेंद्र यादव ने कहा कि बच्चों की रचनात्मक ऊर्जा को सही दिशा देना ही परिषद का मुख्य उद्देश्य है। 15 अक्टूबर को फन गेम्स तृतीय वर्ग, एकल नृत्य द्वितीय वर्ग व चतुर्थ वर्ग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। निर्णायक मंडल की भूमिका में मुकेश कुमार, रामफल, विनीता रानी, संगीता यादव, अनीता यादव, मनोज कुमार, वंदना, सत्यापल यादव, श्याम सुंदर एवं मदन डागर शामिल थे। कार्यक्रम में पिंकी, कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण यादव लेखाकर, रोशनी सुपरवाइजर, अजमेर गोदारा, परिवीक्षा अधिकारी, मुग्धा यादव अधीक्षिका, जोगेन्द्र, मीनाक्षी,अमित, शुक्रम, अनिल शर्मा, मनोज डोगरा, कविता ने सहयोग किया।

■ प्रतियोगिताओं में जिले के 60 विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया






रेवाड़ी। बाल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते बच्चे व अधिकारी व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा व सोलो डांस में भाग लेते हुए प्रतिभागी।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद निर्णायक मंडल, शिक्षक व अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

▶▶| एकल नृत्य प्रथम वर्ग-आशी ने प्रथम, श्रुती ने द्वितीय, नव्या ने तृतीय एवं खनक, आदित्री सिंह, जिया, कनक व लीना ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

▶▶| फैंसी ड्रेस प्रथम वर्ग-ख्वाइश ने प्रथम, ब्रह्मलीन ने द्वितीय, वान्या कालरा ने तृतीय एवं दिव्यांशी, नवजोत, दितवी पांथ व अलिना ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

▶▶| डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट चतुर्थ वर्ग-रिशु यादव ने प्रथम, रेणु ने द्वितीय, स्वाती सिंह ने तृतीय एवं अनुजाया राव, दीक्षा, नंदनी व राजप्रीत कौर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

▶▶| प्रश्नोत्तरी तृतीय वर्ग-मोक्षित व दक्ष ने प्रथम, रिधिमा व पीयूष ने द्वितीय, मीनाक्षी व नैतिक ने तृतीय एवं साना, अनुष्का, मानस्वी, अनवी, चेष्टा यादव, एकलव्य पूनिया, लुक्षिका व हितिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

### देश की शासन व्यवस्था को चलाने के लिए करों से मिलने वाली आय की महत्वपूर्ण भूमिकाः सुधा यादव



कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में मंगलवार को वाणिज्य विभाग एवं विश्वविद्यालय की लेखा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में आयकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका विषय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में गुरुग्राम रेंज से जॉइंट कमिश्नर इनकम टैक्स सुधा यादव ने मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में शिरकत की तथा रोहतक से आयकर अधिकारी टीडीएस जगदीप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने की। प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आयकर विषय के बारे में जानकारी होने के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि सुधा यादव ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र का उदाहरण देते हुए बताया कि किसी भी देश की शासन व्यवस्था को ठीक प्रकार से चलाने के लिए करों से मिलने वाली आय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि आज के समय में सरकार कल्याणकारी राज्य की भूमिका में है और कर व्यवस्था को निरंतर सरल बनाने का कार्य कर रही है।इस अवसर पर आयकर विभाग से इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार व नवनीत सिंह, सीनियर एडवोकेट नरेश अग्रवाल, आईजीयू की लेखा शाखा से अकाउंट ऑफिसर सत्यनारायण शर्मा, योगेश चावला, राम मुकेश, लेखराम व जितेंद्र सहित वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग से अनेक शिक्षक शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों को किया जागरूक




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम।

*रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से जिले को नशा मुक्त करने के लिए अभियान चलाकर लगातार प्रयास किए जा रहे है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। मंगलवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व पुलिस की नशा मुक्त टीम ने ऋषि पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड, वीआईपी इंटरनेशनल स्कूल महेंद्रगढ़ रोड व अरावली इंटरनेशनल स्कूल गांव गोकलगढ़ में शिक्षकों व विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।*

*छात्रों ने विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की*

# आईजीयू में छात्रों का प्रदर्शन, 15 दिन में मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन



रेवाड़ी। मांगों को लेकर आईजीयू में प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी में मंगलवार को इनसो इकाई के बैनर तले छात्रों ने अनेक मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र नेता रवि मसीत की अगुवाई में छात्रों ने विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर छात्र नेता रवि मसीत ने कहा कि लंबे समय से यूनिवर्सिटी में छात्रों को कई तरह की मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि छात्र रोजाना बसों की कमी के कारण समय पर कक्षाओं में नहीं पहुंच पाते और न ही समय पर घर जा पाते है। छात्राओं के टॉयलेट की सफाई व्यवस्था बेहद खराब है और दरवाजे टूटे हुए हैं। कैंपस में पीने के पानी की सुविधा भी मानक के अनुरूप नहीं है। वाटर कूलर की नियमित सफाई नहीं होती है। री-इवेल्यूएशन के परिणाम समय पर नहीं आते व स्पोर्ट्स एक्टिविटी का अभाव है। विवि की ई-रिक्शा सेवा बंद है, योगा विभाग में प्रेक्टिकल क्लासरूम की कमी है व साइकोलॉजी विभाग में भी क्लासरूम नहीं हैं। छात्रों ने कहा कि यूनिवर्सिटी में वाई-फाई की सुविधा नहीं ह व लाइब्रेरी में किताबों की भारी कमी है।

#### सुविधाओं से वंचित

प्रदर्शन की सूचना के बाद रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह मौके पर पहुंचे और छात्रों की सभी मांगें सुनीं। उन्होंने 15 दिन के अंदर सभी समस्याओं के समाधान कराने का आश्वासन दिया। रवि मसीत ने कहा कि छात्रों के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर वायदे पूरे नहीं हुए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। छात्र नेता जीतू ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के 12 साल बाद भी विद्यार्थी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द विद्यार्थियों की मांग पूरी करनी चाहिए। इस मौके परशुभम, भूपी, जोनी, करम, हरदीप, शिवम, चिराग, हरीश, पवन, प्रिंस, राहुल, नमन, कुणाल, योगेश, कुलदीप, कृति, तनुप्रिया, साहिल व कार्तिक सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

### बिजली की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

**कोसली।** बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार ने कहा कि बच्चों को पटाखे चलाते समय बिजली की तारों से दूर रहना चाहिए। दीपावली पर्व का समय नजदीक आते ही बच्चों ने पटाखे चलाने शुरू कर दिए हैं। उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि कहीं पटाखों की वजह से बिजली की तारों में आग न लग जाए। कार्यकारी अभियंता मंगलवार को नाहड़ एसडीओ कार्यालय में आयोजित किए गए शिकायत निवारण शिविर में लोगों को संबोधित कर रहे थे। पटाखे चलाते समय अभिभावक अपने बच्चों पर निगरानी रखें। इस अवसर पर एसडीओ रोहित, एसडीओ जतिन,राकेश कुमार, अशोक कुमार व एचडीम विक्रम सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# डिजिटल दुनिया में सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षाः एएसआई

■ साइबर थाना पुलिस ने साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस की ओर से मंगलवार को दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर क्राइम थाने से एएसआई इकबाल ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनके प्रभाव तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट, मोबाइल बैंकिंग और सोशल मीडिया का उपयोग हमारे जीवन का हिस्सा बन चुका है, लेकिन थोड़ी-सी असावधानी से साइबर ठगी या डेटा चोरी जैसी घटनाएं हो सकती हैं। एएसआई इकबाल ने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक विवरण किसी को न बताएं, अजनबी कॉल या फिशिंग ई-मेल से सावधान रहें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी अक्सर लालच या डर दिखाकर लोगों से पैसे ठगने की कोशिश करते हैं।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए एएसआई।

*27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की गई*

# पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा व यादव कल्याण सभा के प्रतिनिधियों ने मांगों का सौंपा ज्ञापन

**चेयरमैन ने सभी मागों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया**

**रेवाड़ी।** मंगलवार को राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के चेयरमैन हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हरियाणा की पिछड़ी जातियों की समस्याओं की सुनवाई के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन जस्टिस दर्शन सिंह, हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, अनुपमा अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद रेवाड़ी के प्रतिनिधि।

#### ये है मुख्य मांगे

जिला रेवाड़ी से समस्त पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा व यादव कल्याण सभा के प्रतिनिधि के तौर पर मनोज यादव रिटायर्ड ईओ, सुरेन्द्र सिंह यादव रिटायर्ड चीफ मैनेजर व कैलाश यादव मनेठी शामिल हुए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से हरियाणा की प्रथम व द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने और हरियाणा कौशल रोजगार निगम की नौकरियों में पिछड़ा वर्ग के लिए भी 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन एवं सदस्य भी पिछड़ा वर्ग से संबंधित भर्ती की मांग की गई। चेयरमैन ने सभी मागों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

### पुलिस ने रोहिंग्या व बंगलादेशी नागरिकों की पहचान के लिए चलाया सर्च अभियान



रेवाड़ी। बावल क्षेत्र में लोगों के पहचान पत्र चैक करती पुलिस।

**बावल।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविंद्र सिंह के नेतृत्व में स्पेशल सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने मंगलवार को पुलिस व स्वैत टीम के साथ मिलकर बावल क्षेत्र के गांव रसियावास रोड व हरचंदपुर रोड पर स्थित झुग्गी झोपड़ियों व अन्य संदिग्ध स्थानों पर अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी, विदेशी नागरिक, रोहिंग्या व संदिग्ध लोगों की जांच के लिए अभियान चलाया। पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र जांचे। पुलिस ने उनके वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस का अभियान आगे भी इस तरह का लगातार जारी रहेगा। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं उनकी पहचान सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है।

# बाल विवाह कराने पर दो साल की सजा

■ देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने के लिए खंड स्तर पर किया जा रहा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बाल विवाह को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

देवउठनी ग्यारस पर सामाजिक प्रथा बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग की ओर से देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने के लिए अभियान चलाकर खंड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व आमजन को बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया जा रहा है, जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। बाल विवाह व धरेलू हिंसा कानून के तहत जिले के गांव खेडा मुरार, मंग्लेश्वर, गुर्जर माजरी, बिशनपुर, रायपुर, सुठाना, सुठानी व जलियावास गांवों के आंगनवाडी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह कराता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, उसको 2 साल तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। विवाह में सेवा देने वाले टेंट, हलवाई, पंडित, केटरर व प्रिटिंग प्रेस वालों से भी आह्वान किया कि ऐसे किसी भी विवाह कार्यक्रम में न तो शामिल हो और न ही अपनी सेवाएं दे, अन्यथा उनके विरूद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### हिसार-वलसाड़ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन आज से

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से आगामी त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार-वलसाड़-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन शुरू किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04727 हिसार-वलसाड़ साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 15 अक्टूबर से 5 नवंबर तक हिसार से प्रत्येक बुधवार को दोपहर 12:05 बजे रवाना होकर वीरवार को सुबह 11:30 बजे वलसाड़ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04728 वलसाड़-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 16 अक्टूबर से 6 नवंबर तक वलसाड़ से प्रत्येक वीरवार को शाम 2:50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को दोपहर 2:05 बजें हिसार पहुंचेगी।

### दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शिक्षा विभाग की ओर से गांव कंवाली स्थित शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 16 तथा 17 अक्टूबर को जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के पांच खंडों के समूह नृत्य, एकल नृत्य रागिनी तथा स्किट के विजेताओं के बीच में मुकाबले होंगे। सांस्कृतिक उत्सव के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ अशोक नामवाल ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सुभाषचंद्र यादव के मार्गदर्शन में होने वाले उत्सव के संयोजक जाटूसाना के खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव तथा मेजबान विद्यालय के प्राचार्य व हसला के पूर्व राज्य प्रधान अनिल यादव रहेंगे।

**सुरक्षा व्यवस्था** जिले के मुख्य कस्बों व प्रवेश मार्गों पर लगाए नाके, अतिरिक्त पुलिस बल किया तैनात

धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में जुटते हैं श्रद्धालु

# त्योहारी सीजन में अलर्ट मोड में पुलिस, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा के किए विशेष प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से दीपावली, गोवर्धन पूजा और विश्वकर्मा दिवस जैसे प्रमुख भारतीय पर्वों को लेकर जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। त्योहार पर भीड़ और गतिविधियों को देखते हुए पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। एसपी मीणा ने कहा कि दीपावली से भैया दूज तक का समय सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील होता है। इस दौरान बाजारों में खरीददारों की भीड़ ज्यादा रहती है और धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। खासकर महिलाएं और बुजुर्ग आभूषण व घरेलू सामग्री की खरीददारी के लिए बाजारों का रुख करते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए है। जिले के मुख्य कस्बों व प्रवेश मार्गों पर चिन्हित नाके, चेकिंग पॉइंट्स, अंतरराज्यीय नाके तथा अंतर जिला नाके लगाए गए हैं। इन स्थानों पर प्रशिक्षित पुलिस बल तैनात रहेगा, जो संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की कड़ी जांच करेगा। नशा, हथियारों और आपराधिक तत्वों की आवाजाही पर रोक लगाने पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। धार्मिक स्थलों और भीड़ भाड़ वाले बाजारों में सादी वर्दी में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी तथा महिला पुलिस की गश्त को बढ़ाया गया है।




एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

■ संदिग्ध वाहनों और अपराधियों पर रहेगी नजर

#### तेज आवाज वाले पटाखों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन से दीपावली पर सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से उत्सव मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पटाखे फोड़ने का समय रात्रि 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिले में सिर्फ ग्रीन पटाखों की ही अनुमति होगी। लड़ी, बम, चकरी जैसे तेज आवाज वाले पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अस्पताल, धार्मिक स्थल, स्कूल व सार्वजनिक स्थानों के पास पटाखे चलाना पूरी तरह मना है। बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री या भंडारण अवैध है, ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए है। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक पुलिस नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 93069-52004 या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर तत्काल सूचना दे सकते है। फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और आपात सेवाएं 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेंगी। एसपी ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे त्योहारों को शांति, अनुशासन और भाईचारे के साथ मनाएं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि, वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# बुड़ौली की मुस्कान ने ओडिशा में लहराया परचम




रेवाड़ी। प्रतियोगिता में पदक दिखाते हुए मुस्कान। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ओडिशा के भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हुई 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गांव बुडौली की मुस्कान सैन ने 18 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए हेप्टाथलॉन इवेंट्स में कांस्य पदक प्राप्त करके हरियाणा राज्य व जिला रेवाड़ी का नाम रोशन किया। इससे पहले भी मुस्कान का खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा है। वे राज्य स्तर पर एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक व रजत पदक प्राप्त कर चुकी हैं। मुस्कान की सफलता के पीछे उसके पिता नरेंद्र कुमार व दादी संतोष देवी के साथ-साथ पूरे परिवार का अहम योगदान रहा है। उन्होंने अपनी इस सफलता का मुख्य श्रेय उनके कोच बलवान पार्थ फतेहाबाद को दिया है। पूर्व कोच बलदेव रोझूवास ने मुस्कान को बधाई दी है।